15/10/2024

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को आज अल्जीरिया के अल्जीरियर्स में सीदी अब्देलाह विज्ञान और प्रौद्योगिकी पोले विश्वविद्यालय ने राजनीति विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि दी। अल्जीरिया के उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक शोध मंत्री कमाल बदरी ने राष्ट्रपति को उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि यह डॉक्टरेट की उपाधि मेरे देश का सम्मान है। उन्होंने कहा कि भारत अनादि काल से समृद्धि और शांति के लिए खडा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से असमानताएं खत्म होती हैं और सभी के लिए समान अवसरों को प्रोत्साहन मिलता है। उन्होंने अल्जीरिया सरकार, उच्च शिक्षा विभाग और छात्रों से भारत में आई टी ई सी कार्यक्रम और अन्य छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

0000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस के नैतिक इस्तेमाल का आह्वान करते हुए इस बात पर जोर दिया है कि सुरक्षा, सम्मान और समानता सभी चर्चाओं के केंद्र में होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा की स्थापना के महत्व को भी दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत ने जी-20 अध्यक्षता के दौरान इस विषय को उठाया था और वैश्विक संस्थानों से वैश्विक शासन में इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया था।

प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-आईटीयू की विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा - डब्ल्यूटीएसए - 2024 का उद्घाटन करते हुए कहा कि डब्ल्यू टी एस ए का उद्देश्य वैश्विक मानकों की दिशा में कार्य करना है और मोबाइल कांग्रेस की सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का डिजिटल विजन चार स्तंभों - सस्ते उपकरणों, सभी क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, किफायती डाटा और डिजिटल प्राथमिकता पर कार्य करता है।

000000000000000000

विदेश मंत्री डॉक्टर एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन - एस सी ओ परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए दो दिन की पाकिस्तान यात्रा पर आज दोपहर बाद इस्लामाबाद पहुंच गए। एस सी ओ बैठक कल पाकिस्तान की अध्यक्षता में होगी। यह वार्षिक बैठक है, जिसमें व्यापर और आर्थिक मुद्दे मुख्य एजेंडा होते हैं। डॉक्टर जयशंकर बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।पिछले नौ वर्ष के दौरान किसी भारतीय विदेश मंत्री की यह पहली पाकिस्तान यात्रा है।

000000000000000

परमेश शिवमणि ने 26वें भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। वे राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय और तमिलनाडु स्थित रक्षा सेवा स्टॉफ कालेज के पूर्व छात्र हैं। उन्हें वर्ष 2014 में तटरक्षक पदक और वर्ष 2019 में राष्ट्रपति तटरक्षक पदक से सम्मानित किया गया था। उन्हें वर्ष 2012 में महानिदेशक तटरक्षक प्रशस्ति से भी सम्मानित किया गया।

00000000000000

भारत ने रक्षा क्षमताओं को बढावा देते हुए अमरीका के साथ 31 **एमक्यू-9बी प्री-डेटर** ड्रोन खरीदने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का उद्देश्य भारत की अभियान तैयारियों और सैन्य क्षमता को बढाना है। इनमें तीनों सेनाओं के लिए एमक्यू-9बी स्काई गार्डियन और सी-गार्डियन ड्रोन भी शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अमरीका सरकार के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। मंत्रालय ने देश में ही साजो-सामान, रख-रखाव, मरम्मत और ड्रोन की देखरेख के लिए जनरल ऑटोमिक्स ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अलग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए।

000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में पच्चीस में से चौदह जिले अब मलेरिया मुक्त प्रमाणन के लिए पात्र है। यह जानकारी आज नाहरलगुन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र अरुणाचल प्रदेश की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के पहले दिन साझा की गई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ के टी मुलुंग ने कहा कि मलेरिया को खत्म करने के लिए राज्य के चल रहे प्रयासों में यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बैठक का उद्देश्य रणनीतियों की समीक्षा और मूल्यांकन करना तथा मलेरिया मुक्त अरुणाचल प्रदेश की दिशा में प्रगति में तेजी लाने के लिए कार्रवाई योग्य योजनाए विकसित करना है।

0000000000000000000

स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कल वन संवाद-संवाद से समाधान पहल के तहत पाके टाइगर रिजर्व में सोमिंग नरमिंग सांस्कृतिक समूह का उद्‌घाटन किया गया। सोमिंग नरमिंग सांस्कृतिक समूह के गठन की परिकल्पना समुदाय नेतृत्व वाले इको टूरिज्म के एक मॉडल के रुप में की गई है, जिसका उद्देश्य दारलोंग गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देकर उन्हें सशक्त बनाना है। इस अवसर पर पाके टाईगर रिजर्व के डी एफ ओ सत्यप्रकाश सिंह ने समूह के भविष्य को लेकर आशा व्यक्त की और कहा कि सोमिंग नरमिंग का भविष्य बहुत ही उज्ज्वल है। उन्होंने कहा कि इस समूह की महिलाएं पाके टाइगर रिजर्व के अन्य गांवों के लिए स्थायी पर्यटन और स्थानीय विकास के इस मॉडल का अनुसरण करने के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण स्थापित करेंगी।

000000000000000000

देश के बाकी हिस्सों के साथ भारतीय जनता पार्टी अरुणाचल प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा ने भी आज राज्य भाजपा मुख्यालय ईटानगर में भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम की तिरानवें जयंती मनाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य अध्यक्ष ने देश में मिसाइल और परमाणु हथियार कार्यक्रमों के क्षेत्र में डॉ. कलाम के विभिन्न योगदानों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए राज्य अल्पसंख्यक मोर्चा की सराहना की और उसे प्रोत्साहित किया।

000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय ई-कचरा दिवस के अवसर पर आज पासीघाट स्थित सिगार मिलिट्री स्टेशन द्वारा एक महत्वपूर्ण जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सरकारी माध्यमिक विद्यालय के बच्चों और उनके अभिभावको को ई-कचरा प्रबंधन पर शिक्षित करना था। इस कार्यक्रम के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक कचरे के कारण होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव और जिमेमदारी से निपटान एवं रिसाइक्लिन के महत्व के बारे में गहरी समझ पैदा करना था।

0000000000000000000

केई पान्योर जिला के याचुली में आज गांव बुढ़ा और गांव - बुढ़ियों के लिए जिला प्रसाशन द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सह इंटरैक्टिव कार्यशाला सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान असम फ्रंटियर (न्याय प्रशासन) विनियमन 1945 और ए पी सिविल कोर्ट (संशोधन) अधिनियम 2022 द्वारा निर्देशित अपने अधिकार क्षेत्र में गांव बुढ़ा की भूमिका, जिम्मेदारियों शक्तियों और कर्तव्यों के बारे में बताया गया।

000000000000000000